# Banda University of Agriculture & Technology, Banda – 210001, Uttar Pradesh

**Advertisement No. 01/2023**

**Issuing Date: 24.02.2023**
**Closing Date: 25.03.2023 (5.00 PM)**
**University website: www.buat.edu.in**

Applications alongwith prescribed application fee are invited for the following non-teaching posts for KVK (ICAR Funded) at Banda University of Agriculture & Technology, Banda. The detailed advertisement, eligibility, instructions and procedure to fill application for the above advertisement can be seen in the vacancy circular at the University website: **www.buat.edu.in**

| S. No. | Name of the Post | Total no. of Post | No. of Vacancies | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | UR | OBC | SC | EWS |
| 1 | Programme Assistant (Farm Manager/Lab Technician)/T-4 | 08 | 04 | 01 | 02 | 01 |
| 2 | Programme Assistant (Computer)/ T-4 | 03 | 02 | - | 01 | - |
| 3 | Assistant | 01 | 01 | - | - | - |
| 4 | Stenographer Grade-III | 01 | 01 | - | - | - |
| 5 | Driver / T-1 | 02 | 01 | - | - | 01 |
| | **Total** | **15** | **09** | **01** | **03** | **02** |

**Note:** *The horizontal reservation for Differently Abled person (PWD), Dependent of freedom fighters, Woman and Ex-serviceman will be as per Uttar Pradesh State Government Rules.*

## DETAILS OF THE KVK POSITIONS ADVERTISED ARE AS UNDER:

| Sl. No. | Name of Post & Pay Scale | Essential/ Desirable Qualification |
|---|---|---|
| 1 | Programme Assistant (Farm Manager/Lab Technician)/T-4<br>(PB-2, Rs. 9300-34800, GP 4200/-) | Bachelor's degree in Agriculture or any other branch of science/social science relevant to agriculture or equivalent qualification from a recognized University. |
| 2 | Programme Assistant (Computer) / T-4<br>(PB-2, Rs. 9300-34800, GP 4200/-) | Bachelor's degree in Computer Science/Computer Application or equivalent qualification from a recognized University. |
| 3 | Assistant<br>(PB-2, Rs. 9300-34800, GP 4200/-) | Bachelor's degree from a recognized University. |
| 4 | Stenographer Grade-III<br>(PB-1, Rs. 5200-20200, GP 2400/-) | **Educational-** 12th Class pass or equivalent from a recognized Board or University.<br>**Professional efficiency**<br>The candidates will be given one dictation test in English or in Hindi at 80 w.p.m. for 10 minutes. The candidates who opt to take the test in English will be required to transcribe the matter in 50 minutes on computer and the candidates who opt to take the test in Hindi will be required to transcribe the matter in 65 minutes on computer. |
| 5 | Driver / T-1<br>(PB-1, Rs. 5200-20200, GP 2000/-) | i) Matriculation pass qualification from a recognized board.<br>ii) Possession of a valid and appropriate driving licence from prescribed Government Authority (the candidate will have to pass the practical skill test to be taken by an appropriate Committee of Institute/Hqrs.), for a period of not less than three years preceding the date on which vacancy is notified to the employment exchange under Rule 16 of U.P. Government Department Driver's Service Rules, 1993.<br>**Desirable**<br>i) One year trade certificate in the relevant field from ITI; or<br>ii) Experience of driving in a recognized Institution; or<br>iii) Experience of motor mechanic work. |

**General Instructions for the Candidates:**

1. The candidate must be a citizen of India.
2. Local language is preferable.
3. There shall be separate cadre for KVK staff.
4. The staff recruited on the KVK's posts shall have pay scale/ allowances as allowed by ICAR. These positions are 100% funded by ICAR and all expenditure for these positions will be borne out of ICAR fund.
5. The staff recruited at KVK's will neither be engaged nor transferred elsewhere except within KVKs.
6. The pay scale and other service benefits will be permitted by ICAR.
7. Posts are temporary and are likely to continue so long as sanction of the scheme continuance is available from ICAR. In case of the closure of KVKs, their services shall be terminated automatically and after the termination of the scheme, the University will not absorb the candidate in any capacity.
8. Reservation policies will be strictly followed as decided by UP Govt.
9. The University reserves the right to increase/decrease or withdraw the number of any advertised post(s) under any category at any time without assigning any reason thereof. Any consequential vacancies arising at the time of interview may also be filled up from the available candidates. The number of positions is thus open to change.
10. Having fulfilled the essential qualifications will not entitle an applicant to be called for the selection.
11. All applicants must fulfill the essential requirement of the post and other conditions stipulated in the advertisement. They are advised to satisfy themselves, before applying, that they possess at least the essential qualifications laid down for various posts. No enquiry asking for advice as to eligibility will be entertained.
12. **HOW TO APPLY:**
    - i. **Application fee:** For all the posts, Bank Draft of Rs 1000/- (Rupees one thousand only) for General, OBC candidates and Rs 500/- (Rupees Five hundred only) for SC/ST/ Differently Abled Persons (PWD) in favour of **"Comptroller, Banda University of Agriculture & Technology, Banda U.P.", payable at 'Banda, U.P.'**
    - ii. The application fee will be non-refundable.
    - iii. No concession of Application Fee is admissible to SC/ST of other States.
    - iv. Interested and eligible candidates have to submit duly filled fresh application form available on University website: **www.buat.edu.in** in prescribed format along with Bank Draft and other essential and supporting documents, either personally on any working day or through registered post/speed post only to **'Director Administration & Monitoring, Banda University of Agriculture & Technology, Banda- 210001, Uttar Pradesh'**. The University will not entertain applications received after due date.
    - v. Envelop carrying application form should be clearly mentioned and underlined with, **"Application Form for the post of ......................... Advt. No. .................. Sl. No...........and Category ..............**" on the top right hand corner.
    - vi. Persons already in employment (In Service Candidate) should apply, "Through Proper Channel". Their Application through proper channel must reach the University within 30 days from the closing date. However, advance copy of application along with bank draft of application fee shall reach the University before the closing date.
13. **Prescribe Age Limit should be restricted to closing date of application:**
    For the posts of Programme Assistant (Lab Technician/ Farm Manager)/T4, Programme Assistant (Computer)/T4, Assistant, Stenographer Grade-III, Driver/T1, the age of the applicants shall be minimum 18 years, maximum 40 years as on the last date of application. Relaxation for reserved category candidates will be provided as per U.P. Govt. rules. Five (05) years relaxation to regular employee of State of UP as per GO no. 2–ई0एम0 / 2001–का–4–2013 दिनांक–27.08.2013.

14. **Selection Procedure:**
    - (i) Selection will be made on the basis of Written Examination Score/ Skill test (wherever applicable).
    - (ii) The shortlisting is based on criteria fixed by the Competent Authority. In the first instance, all the candidates who fulfil minimum eligibility in respect of age, educational qualifications and experience (wherever required) will be short-listed. The University further shortlists the candidates on the basis of written examination as follows:

I. **<u>For the posts of Programme Assistant (Lab Technician/ Farm Manager)/T4, Programme Assistant (Computer)/T4, Assistant:</u>**

**Details of Written Exam (time 2 hrs and maximum 450 marks)**

| Sl. No. | Unit | Syllabus | No. of questions | Total/ Maximum Marks |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Subject Matter | Objective questions of concerned subject as per qualification given in the Advertisement (Undergraduate level) | 100 | 300 |
| 2 | General Knowledge, Reasoning & Language | Objective questions of concerned subject as per qualification given in the Advertisement (Undergraduate level) | 50 | 150 |
| | **Total** | | **150** | **450** |

**Note:**

a. Each question will be of 3.0 marks for correct answer and 1.0 mark will be deducted for each wrong answer from total score.
b. If two or more candidates secured the similar ranks/marks in written examination, the priority for selection will be decided on the basis of their date of birth.
c. **Selection will be made on Final Merit list based on score of written examination.**

II. **<u>For the posts of Stenographer Grade-III and Driver/T1:</u>** Top scorers in the written test will be called in ratio of 1:10 for each post for Dictation test/Skill test (wherever applicable). The Dictation test/Skill test (wherever applicable) will be qualifying criteria for the candidates to assess their post specific requirement. Further, final merit list will be made for Dictation test/Skill test (wherever applicable) qualified candidates on the score of written examination.

**Details of Written Exam (time 1.5 hrs and maximum 300 marks)**

| Syllabus | No. of questions | Total/ Maximum Marks |
|---|---|---|
| Subject Matter<br>General Knowledge, Reasoning & Language | **100** | **300** |

**Note:**

a. Each question will be of 3.0 marks for correct answer and 1.0 mark will be deducted for each wrong answer from total score.
b. If two or more candidates secured the similar ranks/marks in written examination, the priority for selection will be decided on the basis of their date of birth.
c. **Selection will be made on Final Merit list based on score of written examination (only Dictation test/Skill test (wherever applicable) qualified candidates will be considered in Final Merit list).**

(iii) At the time of written examination, if a candidate is (or has been) found guilty of:
a) Using unfair means during the examination; or
b) Impersonating or procuring impersonation by any person; or
c) Misbehaving in the examination hall or taking away the question booklet or any part thereof/answer sheet from the examination hall; or
d) Resorting to any irregular of improper means in connection with his/her candidature for selection;

(iv) Obtaining support of his/her candidature by any unfair means, such a candidate may, in addition to rendering himself/herself liable to criminal prosecution, be liable:-
a. To be disqualified from the examination for which he/she is a candidate.
b. To be debarred either permanently or for a specified period, from any examination or recruitment conducted by University.
c. For termination of service, if he/she already is in service.

(v) The information related to date of written examination/dictation and typing test/driving test will be published on University website **www.buat.edu.in**. Applicants are advised to check the University website regularly for information.

15. The applicants who wish to apply for more than one post and/or category, should submit separate Application forms in separate envelopes accompanied by relevant enclosures and bank draft for each post.
16. Reservation Rules as per the State Government of Uttar Pradesh will be applicable. The claimants of SC/ST/OBC/EWS/Differently-Abled persons (PWD) etc. reservation must furnish the certificate as applicable, issued by the competent authority of U.P. Govt.
17. The information uploaded on the University website shall not be provided to the candidate under RTI Act, 2005. The uploaded information on the University website shall remain for a specific period only. Therefore, the candidates are advised to download the information and keep them for future reference. In midway of recruitment process neither any application under RTI Act, 2005 shall be entertained nor shall any information be provided. Factual information under RTI Act shall be provided only after declaration of final result. Reply of inferential (speculative) question shall not be provided.
18. Acceptance of documents submitted by an applicant shall be subjected to verification by the competent authority. If any documents are found to be false/ fake/incorrect/malafide either before or after appointment, the document shall be summarily rejected and action may be initiated against the candidate which may lead to cancellation of his/her appointment, as the case may be.
19. The appointment of a candidate shall be subjected to verification of character and antecedents and caste certificate by the competent authority. Until the verification report of character and antecedents and caste certificate is received, the appointment shall be treated as provisional. In case the report regards his/her conducts, character and antecedents, caste certificate etc., are found to be unsatisfactory or fails, the appointment shall be cancelled/ terminated forthwith.
20. The service conditions and age of superannuation shall be as per U.P. Govt. rules/ICAR guidelines, as applicable.
21. In case of any inadvertent mistake in the process of selection, which may be detected at any stage even after issue of the appointment letter, the University reserves the right to modify/withdraw/cancel any communication made to the candidates.
22. The applicants serving in Government/Semi-Government organizations/Public Sector Undertakings/Autonomous Bodies must bring **'No Objection Certificate (NOC)'** from their present employer at the time of Verification of Documents, failing which their candidature/selection may stand cancelled.
23. Canvassing in any form may lead to cancellation of candidature.
24. Any ambiguity or lack of clarity with regard to any clause or rules, the decision of the University shall be final.
25. The University will not be responsible for loss of e-mail sent due to invalid wrong e-mail ID provided by the candidate or for delay/ non-receipt of any information, if a candidate fails to access his/her email/website in time.
26. Applicants should clearly note that the University will, on no case be responsible for non-submission of their application or any delay in receipt thereof on any account. Applications after the last date will not be accepted.
27. The selected candidate shall be required to perform duties as per rules of the University as amended from time to time. The University shall be free to assign any duty as per exigency of the situation at any time even during no-working hours/holidays which the employee shall have to perform without fail to avoid any disciplinary action.
28. Original certificate of academic qualifications, certificates of experience, etc. have to be produced at the time of joining in case of selection.
29. A candidate must be in sound health. He/she must be prepared to undergo such medical examination and satisfy such medical authority as required.
30. Fixed salary employment in NGO/Private Industry/ Private College/Self-finance courses would not be treated as equivalent to running scale.
31. The following categories of persons shall not be eligible to apply for any position in the KVK under the University:
    i. Who has been convicted by any Court of Law of any criminal proceedings is pending against her/him.
    ii. Who has entered into or contracted a marriage with a person having a spouse living, provided that the Competent Authority of the University may, if satisfied that such marriage is permissible under the personal law applicable to such person and the other party to the marriage and there are other grounds for so doing, exempt any person from the operation of these rules.
    iii. Who is not a citizen of India;
    iv. Any other category of person disqualified for appointment by the Government, DARE/ ICAR, University etc. from time to time.

32. The last date for receiving the applications in the University office is **25 March, 2023 (5.00 pm).**
33. Corrigendum or Addendum or Cancellation to this advertisement, if any, shall be published only on the University Website **www.buat.edu.in** and it will not be published in the newspaper. Therefore, candidates are advised to check the University website regularly.
34. No recommendations/ recommendation letters be sent or arranged to be forwarded to the University.
35. No TA/DA shall be paid to the candidates for attending the written/skill test.
36. The University is governed by the Act & Statutes of the Agriculture University Act 1958 of Uttar Pradesh, as amended from time to time.
37. Following documents should be attached with the Application form:

(i) Bank draft of Application fee.

(ii) One latest colored passport size, self attested photograph, should be pasted on the application form.

(iii) Medical fitness certificate. (as per Annexure I)

(iv) Certification from Personnel Office (for in-service candidate). (as per Annexure II)

(v) Reservation Certificate (if applicable).

(vi) Attested copies of certificates of essential qualifications including Testimonials, transcripts, certificates, degrees etc.

(vii) Other supporting documents.

38. Documents to be brought at the time of verification:

(i) All original certificates/ documents/ testimonials of educational qualifications and other document mentioned/ and one set of self-attested copies of all these certificates/ documents/testimonials.

(ii) Certificate for the candidates belong to ST/SC/OBC/EWS etc. category issued by the competent authority.

(iii) 'No Objection Certificate (NOC)' from their present employer, in case of candidates who are in service.

39. An application form will be summarily rejected in the following events:

(i) If bank draft of prescribed application fee is not attached.

(ii) If a candidate makes more than one application form for a particular post.

(iii) If the application is not in the prescribed format.

(iv) If the application is unsigned/incomplete.

(v) If the experience certificate is without detail of salary per month received.

(vi) If the application form is received in the University after the closing date.

(vii) If a candidate does not possess the requisite academic qualifications on the closing date.

(viii) If the candidate is under age/over age on the closing date.

40. **Fake Institutions:** Candidates, who have obtained degree or diplomas or certificates for various courses from any institutions declared fake by the University Grants Commission, New Delhi shall not be eligible for being considered for recruitment to the advertised posts.

**Abbreviations**: SC = Scheduled Caste, ST= Scheduled Tribe, OBC = Other Backward Classes, EWS= Economically Weaker Section, UR = Unreserved, KVK= Krishi Vigyan Kendra, PWD= Differently abled Person

24/02/23

**Director, Administration & Monitoring**

# बाँदा कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, बाँदा–210001

**विज्ञापन संख्या – 01/2023**

**जारी होने की तिथि: 24.02.2023**
**अन्तिम तिथि: 25.03.2023 (सायं 5:00 बजे)**
**विश्वविद्यालय वेबसाइट:** www.buat.edu.in

बाँदा कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, बाँदा के अन्तर्गत संचालित कृषि विज्ञान केन्द्रों (भा0कृ0अ0प0 (ICAR) द्वारा वित्त पोषित) के लिये निम्नलिखित गैर–शैक्षणिक पदों हेतु योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किये जाते है। विस्तृत विज्ञापन विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.buat.edu.in पर प्रदर्शित हो रहे विज्ञापन परिपत्र में देखा जा सकता है।

| क्र0सं0 | पद का नाम | कुल पद | पदों की संख्या | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अनारक्षित (UR) | अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) | अनुसूचित जाति (SC) | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS ) |
| 1 | प्रोग्राम असिस्टेंट (लैब टैक्नीशियन/फार्म मैनेजर)/टी4 | 08 | 04 | 01 | 02 | 01 |
| 2 | प्रोग्राम असिस्टेंट (कम्प्यूटर)/टी4 | 03 | 02 | . | 01 | . |
| 3 | असिस्टेंट | 01 | 01 | . | . | . |
| 4 | स्टेनोग्राफर ग्रेड–III | 01 | 01 | . | . | . |
| 5 | ड्राईवर/टी1 | 02 | 01 | . | . | 01 |
| | कुल | **15** | **09** | **01** | **03** | **02** |

**नोट–** दिव्यांगजनों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों, महिला एवं भूतपूर्व सैनिकों के लिए क्षैतिज आरक्षण उ0प्र0 के नियमों के अनुसार लागू होगा।

**विज्ञापित केवीके पदों का विवरण इस प्रकार है:**

| क्र0सं0 | पद का नाम और वेतनमान | आवश्यक/वांछनीय योग्यता |
|---|---|---|
| 1 | प्रोग्राम असिस्टेंट (लैब टैक्नीशियन/फार्म मैनेजर)/टी4 (वेतनमान –02 रू0 9300–34800, ग्रेड पे–4200/–) | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कृषि या विज्ञान/सामाजिक विज्ञान की किसी अन्य शाखा जो कृषि से संबंधित हो में स्नातक की डिग्री या समकक्ष योग्यता । |
| 2 | प्रोग्राम असिस्टेंट (कम्प्यूटर)/टी4 (वेतनमान –02 रू0 9300–34800, ग्रेड पे–4200/–) | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कम्प्यूटर साइंस/कम्प्यूटर एप्लीकेशन में स्नातक की डिग्री या समकक्ष योग्यता । |
| 3 | असिस्टेंट (वेतनमान –02 रू0 9300–34800, ग्रेड पे–4200/–) | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक की डिग्री । |
| 4 | स्टेनोग्राफर ग्रेड–III (वेतनमान –01 रू0 5200–20200, ग्रेड पे–2400/–) | **शैक्षिक:** किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड या विश्वविद्यालय से 12वीं कक्षा या समकक्ष उत्तीर्ण। **व्यावसायिक दक्षता:** अभ्यर्थियों को 10 मिनट के लिए अंग्रेजी या हिंदी में 80 शब्द प्रति मिनट पर एक श्रुतलेख परीक्षा देनी होगी। जो अभ्यर्थी अंग्रेजी में परीक्षा देने का विकल्प चुनते हैं, उन्हें कम्प्यूटर पर 50 मिनट में विषय को ट्रांसक्राइब्ड करना होगा और जो अभ्यर्थी हिंदी में परीक्षा देने का विकल्प चुनते हैं, उन्हें कम्प्यूटर पर 65 मिनट में विषय को ट्रांसक्राइब्ड करना होगा । |

| | | |
|---|---|---|
| 5 | ड्राईवर/टी1<br>(वेतनमान –01 रू0 5200–20200, ग्रेड पे–2000/–) | i) किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से मैट्रिक परीक्षा उत्तीर्ण योग्यता।<br>ii) सरकार द्वारा अधिकृत प्राधिकरण से जारी वैध और उपयुक्त ड्राइविंग लाइसेंसधारी (अभ्यर्थी को विश्वविद्यालय द्वारा गठित उपयुक्त समिति द्वारा ली जाने वाली व्यावहारिक कौशल परीक्षा उत्तीर्ण करनी होगी), उत्तर प्रदेश सरकारी विभाग ड्राइवर सेवा नियमावली, 1993 के नियम 16 के तहत रोजगार कार्यालय को रिक्ति अधिसूचित करने की तारीख से कम से कम तीन साल की अवधि पहले तक।<br>**वांछित:**<br>i) आईटीआई से संबंधित क्षेत्र में एक साल का ट्रेड सर्टिफिकेट या<br>ii) किसी मान्यता प्राप्त संस्थान में ड्राइविंग का अनुभव या<br>iii) मोटर मैकेनिक के कार्य का अनुभव |

**आवेदन करने की क्रमवार विधि तथा आवश्यक दिशा– निर्देश और चयन प्रक्रियाः –**

1. आवेदक भारत का नागरिक होना चाहिए।
2. स्थानीय भाषा का ज्ञान होना चाहिये।
3. केवीके स्टाफ के लिए अलग कैडर होगा ।
4. केवीके के पदों पर भर्ती किए गए कार्मिकों को भा0कृ0अ0प0 (ICAR) द्वारा अनुमन्य वेतनमान व भत्ते देय होंगे। ये पद शत प्रतिशत (100%) भा0कृ0अ0प0 (ICAR) द्वारा वित्त पोषित हैं और इन पदों के लिए सभी व्यय भा0कृ0अ0प0 (ICAR) निधि से वहन किए जायेंगें ।
5. केवीके के पदों पर भर्ती किए गए कार्मिकों को केवीके के अलावा अन्य कहीं न तो लगाया जाएगा और न ही स्थानांतरित किया जाएगा।
6. भा0कृ0अ0प0 (ICAR) द्वारा वेतनमान और अन्य सेवा लाभों की अनुमति दी जाएगी।
7. केवीके के पद पूर्णतयः अस्थायी हैं और भा0कृ0अ0प0 (ICAR) के द्वारा योजना की निरंतरता की स्वीकृति के अनुसार ही उपलब्धता तक जारी रहेंगे। केवीके के बंद होने की स्थिति में, उनकी सेवाएं स्वतः समाप्त हो जाएंगी और योजना की समाप्ति के बाद, विश्वविद्यालय किसी भी स्थिति में उम्मीदवार को शामिल (Absorb) नहीं करेगा।
8. आरक्षण के नियम उ0प्र0 सरकार के नियमानुसार लागू होगे।
9. विश्वविद्यालय बिना कोई कारण बताए किसी भी समय किसी भी श्रेणी के तहत विज्ञापित पदों की संख्या बढ़ाने–घटाने या वापस लेने का अधिकार सुरक्षित रखता है। साक्षात्कार के समय उत्पन्न होने वाली किसी भी परिणामी रिक्तियों को भी उपलब्ध उम्मीदवारों से भरा जा सकता है। इस प्रकार पदों की संख्या परिवर्तन के लिए खुली है।
10. आवश्यक योग्यताएं पूरी करने से आवेदक चयन के लिए बुलाए जाने का हकदार नहीं होगा।
11. सभी आवेदकों को विज्ञापन में निर्धारित पद की अनिवार्य आवश्यकता और अन्य शर्तों को पूरा करना होगा। उन्हें सलाह दी जाती है कि वे आवेदन करने से पहले स्वयं को संतुष्ट कर लें कि वे विभिन्न पदों के लिए निर्धारित आवश्यक योग्यता रखते हैं। योग्यता के बारे में सलाह मांगने वाली किसी पूछताछ पर विचार नहीं किया जाएगा।

**12. आवेदन प्रक्रिया सम्बन्धित निर्देशः**

i. **आवेदन शुल्कः** सामान्य वर्ग एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के लिये बैंक ड्राफ्ट रू0 1000/– (रू0 एक हजार मात्र) एवं अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/दिव्यांगजनों (पीडब्ल्यूडी) के लिए के लिये बैंक ड्राफ्ट रू0 500/– (रू0 पाँच सौ मात्र) **"वित्त नियंत्रक, बाँदा कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय"** के पक्ष में **"बाँदा–उ0प्र0"** पर देय होगा।

ii. आवेदन शुल्क किसी भी दशा में वापस नहीं किया जायेगा।

iii. अन्य राज्यों के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लिए आवेदन शुल्क में कोई छूट स्वीकार्य नहीं है।

iv. इच्छुक और पात्र उम्मीदवारों को विधिवत भरे हुए नए आवेदन पत्र को निर्धारित प्रारूप में जो कि विश्वविद्यालय की वेबसाइट : www.buat.edu.in पर उपलब्ध है, बैंक ड्राफ्ट और अन्य आवश्यक और सहायक दस्तावेजों के साथ, या तो व्यक्तिगत रूप से किसी भी कार्य दिवस पर या पंजीकृत डाक के माध्यम से केवल **"निदेशक प्रशासन एवं अनुश्रवण, बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, बांदा– 210001, उत्तर प्रदेश"** को स्पीड पोस्ट/जमा करना होगा। विश्वविद्यालय निर्धारित आवेदन की अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं करेगा।

v. आवेदन पत्र ले जाने वाले लिफाफा के शीर्ष दाएं कोने पर स्पष्ट रूप से रेखांकित किया हुआ **"...................... पद के लिए आवेदन पत्र, ...................... पद क्र.सं. और ...................... श्रेणी"** का उल्लेख किया जाना चाहिए।

vi. सेवारत उम्मीदवार को **"उचित माध्यम से"** आवेदन करना अनिवार्य है। उनका आवेदन उचित माध्यम से अंतिम तिथि से 30 दिनों के भीतर विश्वविद्यालय में पहुंच जाना चाहिए। हालांकि, आवेदन शुल्क के बैंक ड्राफ्ट के साथ आवेदन की अग्रिम प्रति अंतिम तिथि से पहले विश्वविद्यालय में जमा करना होगा।

**13. आवेदन की अंतिम तिथि तक निर्धारित आयु सीमा:** प्रोग्राम असिस्टेंट (लैब टेक्नीशियन/फार्म मैनेजर)/टी4, प्रोग्राम असिस्टेंट (कंप्यूटर)/टी4, असिस्टेंट, स्टेनोग्राफर ग्रेड—III, ड्राइवर/टी1 के पदों के लिए आवेदकों की आयु आवेदन की अंतिम तिथि तक न्यूनतम 18 वर्ष, अधिकतम 40 वर्ष होनी चाहिए। शासनादेश संख्या– 2 – ई०एम०/2001 –का–4–2013 दिनांक 27 अगस्त, 2013 के अनुसार उ0प्र0 राज्य सरकार में सेवारत नियमित कर्मचारियों के लिए 05 वर्ष की अधिकतम आयु सीमा में छूट प्रदान की जायेंगी ।

**14. चयन प्रक्रिया:**

i) चयन, लिखित परीक्षा के स्कोर/कौशल परीक्षा (जहां लागू हो) के आधार पर किया जाएगा।

ii) लघुसूचियन (Shortlisting) सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्धारित मानदंडों पर आधारित होगी। पहले चरण में, आयु, शैक्षिक योग्यता और अनुभव (जहाँ भी आवश्यक हो) के संबंध में न्यूनतम पात्रता को पूरा करने वाले सभी उम्मीदवारों को लघुसूचित (Shortlist) किया जाएगा। तदोपरान्त, विश्वविद्यालय द्वार उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा के आधार पर निम्नानुसार लघुसूचित (Shortlist) किया जाएगा:

**I. <u>प्रोग्राम असिस्टेंट (लैब टेक्नीशियन/फार्म मैनेजर)/टी4, प्रोग्राम असिस्टेंट (कंप्यूटर)/टी4, असिस्टेंट के पदों हेतु</u>**

**लिखित परीक्षा का विवरण (समय 2.0 घंटे और अधिकतम 450 अंक)**

| क0सं0 | इकाई | पाठ्यक्रम | प्रश्नों की संख्या | कुल/अधिकतम अंक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | विषय – वस्तु | विज्ञापन में दी गई योग्यता के अनुसार संबंधित विषय के वस्तुनिष्ठ प्रश्न (स्नातक स्तर) | 100 | 300 |
| 2 | सामान्य ज्ञान, तर्क और भाषा | विज्ञापन में दी गई योग्यता के अनुसार संबंधित विषय के वस्तुनिष्ठ प्रश्न (स्नातक स्तर) | 50 | 150 |
| | **कुल** | | 150 | 450 |

**टिप्पणी:**

**क)** प्रत्येक प्रश्न, सही उत्तर के लिए 3.0 अंक का होगा और प्रत्येक गलत उत्तर के लिए कुल अंक से 1.0 अंक काटा जाएगा।

**ख)** यदि दो या दो से अधिक उम्मीदवारों ने लिखित परीक्षा में समान रैंक/अंक प्राप्त किए हैं, तो चयन के लिए प्राथमिकता उनकी जन्म तिथि के आधार पर तय की जाएगी।

**ग)** लिखित परीक्षा में प्राप्तांक के आधार पर बनायी गई अंतिम वरीयता सूची के आधार पर चयन किया जाएगा।

**II. <u>स्टेनोग्राफर ग्रेड—III, ड्राइवर/टी1 के पदों हेतु</u>**

लिखित परीक्षा में शीर्ष प्राप्तांक उम्मीदवारों को प्रत्येक पद के सापेक्ष 1:10 के अनुपात में डिक्टेशन परीक्षा/कौशल परीक्षा (जहां भी लागू हो) के लिए बुलाया जाएगा। डिक्टेशन परीक्षा/कौशल परीक्षा (जहां भी लागू हो) उम्मीदवारों के लिए उनके पद विशिष्ट दक्षता का आंकलन करने हेतु योग्यता मानदंड होगा। चयन हेतु अंतिम वरीयता सूची, डिक्टेशन परीक्षा/कौशल परीक्षा उत्तीर्ण उम्मीदवारों की लिखित परीक्षा के प्राप्तांक के आधार पर बनायी जाएगी।

**लिखित परीक्षा का विवरण (समय 1.5 घंटे और अधिकतम 300 अंक)**

| पाठ्यक्रम | प्रश्नों की संख्या | कुल/अधिकतम अंक |
|---|---|---|
| विषय – वस्तु<br>सामान्य ज्ञान, तर्क और भाषा | 100 | 300 |

**टिप्पणी:**

**क)** प्रत्येक प्रश्न, सही उत्तर के लिए 3.0 अंक का होगा और प्रत्येक गलत उत्तर के लिए कुल अंक से 1.0 अंक काटा जाएगा।

**ख)** यदि दो या दो से अधिक उम्मीदवारों ने लिखित परीक्षा में समान रैंक/अंक प्राप्त किए हैं, तो चयन के लिए प्राथमिकता उनकी जन्म तिथि के आधार पर तय की जाएगी।

**ग)** लिखित परीक्षा में प्राप्तांक के आधार पर बनायी गई अंतिम वरीयता सूची के आधार पर चयन किया जाएगा (केवल डिक्टेशन परीक्षा/कौशल परीक्षा (जहां भी लागू हो) उत्तीर्ण उम्मीदवारों को अंतिम वरीयता सूची हेतु विचार किया जाएगा)।

iii) लिखित परीक्षा/कौशल परीक्षा के समय, यदि कोई अभ्यर्थी निम्नलिखित में दोषी पाया जाता है (या पाया गया है) :

**क)** परीक्षा के दौरान अनुचित साधनों का प्रयोग करना; या

**ख)** किसी व्यक्ति द्वारा प्रतिरूपण करना या प्रतिरूपण कराना; या

**ग)** परीक्षा हॉल में दुर्व्यवहार करना या प्रश्न – पुस्तिका या उसका कोई भाग/उत्तर पत्रक परीक्षा कक्ष से बाहर ले जाना; या

**घ)** चयन के लिए अपनी उम्मीदवारी के संबंध में अभ्यर्थी द्वारा किसी भी प्रकार के अनियमित/अनुचित साधनों का सहारा लेना।

iv. अपनी आवेदकता/उम्मीदवारी हेतु किसी भी अनुचित तरीके के प्रयोग पर, ऐसा अभ्यर्थी स्वयं पर आपराधिक मुकदमा चलाने के लिए उत्तरदायी होने के साथ ही निम्नलिखित के लिये भी उत्तरदायी हो सकता है–

**क)** उस परीक्षा से अयोग्य घोषित किया जाना जिसके लिए वह एक आवेदक है।

**ख)** विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित किसी भी परीक्षा या भर्ती के लिए या तो स्थायी रूप से या एक निदिष्ठ अवधि के लिए वंचित किया जाना ।

**ग)** सेवा की समाप्ति के लिए, यदि वह पूर्व से ही सेवा में है ।

v) लिखित परीक्षा/डिक्टेशन और टाइपिंग परीक्षा/ड्राइविंग परीक्षा की तिथि से संबंधित जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.buat.edu.in पर उपलब्ध होगी। आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे जानकारी के लिए नियमित रूप से विश्वविद्यालय की वेबसाइट देखते रहें।

**15.** यदि कोई अभ्यर्थी एक से अधिक पदों के लिये आवेदन करना चाहता है तो उसे प्रत्येक पद के लिए अलग–अलग आवेदन (आवेदन शुल्क के साथ) करना होगा।

**16.** उत्तर प्रदेश राज्य सरकार के अनुसार आरक्षण नियम लागू होंगे। संबंधित आरक्षण की श्रेणी जैसे अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/ आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS)/दिव्यांगजन (PWD) इत्यादि को उ०प्र० के सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

**17.** विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी को जनसूचना अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत अभ्यर्थी को प्रदान नहीं किया जायेगा। विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड की गई जानकारी केवल एक विशिष्ट अवधि के लिए ही रहेगी। इसलिए, अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे जानकारी डाउनलोड कर भविष्य के लिये संरक्षित कर लें। भर्ती प्रक्रिया के बीच में न तो जनसूचना अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत किसी भी आवेदन पर विचार किया जाएगा और न ही कोई जानकारी उपलब्ध करायी जाएगी। अंतिम परिणाम घोषित होने के बाद ही जनसूचना अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत तथ्यात्मक जानकारी प्रदान की जाएगी। अनुमानिक प्रश्न का उत्तर प्रदान नहीं किया जाएगा।

**18.** आवेदक द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों की स्वीकृति सक्षम प्राधिकारी के सत्यापन के अधीन होगी, यदि नियुक्ति से पहले या बाद में काई भी दस्तावेज असत्य/नकली/गलत/दोषपूर्ण पाया जाता है तो दस्तावेज को प्रारम्भिक तौर पर खारिज कर दिया जाएगा तथा संबंधित अभ्यर्थी के खिलाफ विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा कार्यवाही शुरू की जा सकती है। जिसमें अभ्यर्थी की नियुक्ति को निरस्त भी किया जा सकता है।

**19.** उम्मीदवार की नियुक्ति सक्षम प्राधिकारी द्वारा चरित्र और पूर्ववृत्त और जाति प्रमाण पत्र के सत्यापन के अधीन होगी। जब तक चरित्र एवं पूर्ववृत्त एवं जाति प्रमाण पत्र की सत्यापन रिपोर्ट प्राप्त नहीं हो जाती, तब तक नियुक्ति अस्थायी मानी जायेगी। यदि उम्मीदवार का आचरण, चरित्र और पूर्ववृत्त, जाति प्रमाण पत्र आदि के संबंध में रिपोर्ट असंतोषजनक पाई जाती है या विफल रहती है, तो नियुक्ति तत्काल रद्द/समाप्त कर दी जाएगी।

**20.** सेवा शर्तें एवं अधिवर्षिता की आयु उ0प्र0 सरकार/भा0कृ0अ0प0 (ICAR) के दिशानिर्देश के नियमानुसार होगी।

**21.** चयन प्रक्रिया में असावधानीवश हुई किसी त्रुटि के मामले में, जो नियुक्ति पत्र जारी होने के बाद भी किसी भी स्तर पर पता चल सकती है, विश्वविद्यालय उम्मीदवारों को किए गए किसी भी संचार को संशोधित/वापस लेने/रद्द करने का अधिकार रखता है।

22. सरकारी/अर्ध–सरकारी संगठनों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/स्वायत्त निकायों में कार्यरत आवेदकों को दस्तावेजों के सत्यापन के समय अपने वर्तमान नियोक्ता से **"अनापत्ति प्रमाण पत्र (NOC)"** लाना होगा, ऐसा न करने पर उनकी उम्मीदवारी/चयन रद्द किया जा सकता है।

23. किसी भी रूप में सिफारिश करने से उम्मीदवारी रद्द हो सकती है।

24. किसी भी खंड या नियमों के संबंध में कोई अस्पष्टता या स्पष्टता की कमी की स्थिति में, विश्वविद्यालय का निर्णय अंतिम होगा।

25. उम्मीदवार द्वारा प्रदान की गई अमान्य गलत ई–मेल आईडी के कारण या किसी भी जानकारी की देरी/गैर प्राप्ति के कारण, यदि कोई उम्मीदवार ससमय अपने ईमेल/वेबसाइट तक पहुंचने में विफल रहता है, तो विश्वविद्यालय भेजे गए अप्राप्त ई–मेल के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

26. आवेदकों को स्पष्ट रूप से ध्यान देना चाहिए कि विश्वविद्यालय किसी भी मामले में उनके आवेदन को जमा न करने या किसी भी कारण से प्राप्त होने में देरी के लिए जिम्मेदार नहीं होगा। अंतिम तिथि के बाद आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

27. चयनित अभ्यर्थी को समय–समय पर संशोधित विश्वविद्यालय के नियमों के अनुसार कर्तव्यों का पालन करना आवश्यक होगा। विश्वविद्यालय किसी भी समय काम के घंटों/छुट्टियों के दौरान भी स्थिति की अत्यावश्यकता के अनुसार किसी भी कर्तव्य को सौंपने के लिए स्वतंत्र होगा, जिसे कर्मचारी को किसी भी अनुशासनात्मक कार्रवाई से बचने के लिए अनिवार्य रूप से करना होगा।

28. चयन के समय शैक्षणिक योग्यता, अनुभव प्रमाण पत्र आदि का मूल प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

29. एक उम्मीदवार का स्वास्थ्य अच्छा होना चाहिए। उसे इस तरह की चिकित्सा परीक्षा से गुजरने के लिए तैयार रहना चाहिए और आवश्यकता पड़ने पर ऐसे चिकित्सा प्राधिकरण को संतुष्ट करना होगा।

30. गैर सरकारी संगठन/निजी उद्योग/निजी कॉलेज/स्व– वित्त पाठ्यक्रमों में निश्चित वेतन को लागू वेतनमान के समतुल्य नहीं माना जाएगा।

31. निम्नलिखित श्रेणियों के अंतर्गत आने वाले अभ्यर्थी विश्वविद्यालय के अंतर्गत केवीके में किसी भी पद के लिए आवेदन करने के पात्र नहीं होंगे:

- जिन्हें किसी भी न्यायालय द्वारा किसी भी आपराधिक मामले में दोषी ठहराया जा चुका है या जिनके खिलाफ कोई मामला न्यायालय में विचाराधीन है।
- जिसने ऐसे व्यक्ति के साथ विवाह किया है या विवाह का अनुबंध किया है जिसका/जिसकी पति या पत्नी जीवित हो बशर्ते कि विश्वविद्यालय के सक्षम प्राधिकारी, यदि संतुष्ट हो कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्ति और विवाह के दूसरे पक्ष पर लागू व्यक्तिगत नियम (Personal Law) के तहत अनुमत है और ऐसा करने के लिए अन्य आधार हैं, तो किसी व्यक्ति को इन नियमों के संचालन से छूट दी जा सकती है।
- जो भारत का नागरिक नहीं है।
- सरकारी/कृ0अ0शि0नि0 (DARE)/भा0कृ0अ0प0 (ICAR)/विश्वविद्यालय आदि द्वारा समय–समय पर नियुक्ति के लिए अघोषित अयोग्य व्यक्ति ।

32. विश्वविद्यालय कार्यालय में आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि **25 मार्च, 2023 (सायं 5.00 बजे)** है।

33. इस विज्ञापन का शुद्धिपत्र या परिशिष्ट या निरस्तीकरण, यदि कोई हो, केवल विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.buat.edu.in पर प्रकाशित किया जाएगा और इसे समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जाएगा। इसलिए, उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे विश्वविद्यालय की वेबसाइट को नियमित रूप से देखते रहें।

34. विश्वविद्यालय को कोई अनुशंसा/सिफारिश पत्र नहीं भेजा जाएगा या अग्रेषित करने हेतु नहीं भेजा जाएगा।

35. लिखित/कौशल परीक्षा में भाग लेने के लिए उम्मीदवारों को यात्रा भत्ता/महंगाई भत्ता (TA/DA) का भुगतान नहीं किया जाएगा।

36. विश्वविद्यालय समय–समय पर यथासंशोधित उत्तर प्रदेश के कृषि विश्वविद्यालय अधिनियम 1958 के अधिनियम एवं परिनियमों द्वारा शासित होता है।

37. आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित दस्तावेज संलग्न किए जाने चाहिए:

i. आवेदन शुल्क का बैंक ड्राफ्ट।
ii. एक नवीनतम रंगीन पासपोर्ट आकार, स्वप्रमाणित फोटो आवेदन पत्र पर चिपकाया जाना चाहिए।
iii. स्वास्थ्य प्रमाण पत्र। (अनुबंध–1 के अनुसार)

iv. कार्मिक कार्यालय से प्रमाणन (सेवारत उम्मीदवार के लिए)। (अनुबंध–2 के अनुसार)
v. आरक्षण प्रमाणपत्र (यदि लागू हो)।
vi. प्रशंसापत्र, प्रतिलेख, प्रमाण पत्र, डिग्री आदि सहित आवश्यक योग्यता के प्रमाण पत्रों की सत्यापित प्रतियां।
vii. अन्य सहायक दस्तावेज।

**38.** सत्यापन के समय लाए जाने वाले दस्तावेजः
i. सभी मूल प्रमाण पत्र/दस्तावेज/शैक्षिक योग्यता संबंधी प्रशंसापत्र एवं अन्य उल्लिखित दस्तावेज और इन सभी प्रमाणपत्रों/दस्तावेजों/प्रशंसापत्रों की स्व–सत्यापित प्रतियों की एक प्रति।
ii. ऐसे अभ्यर्थी जिन्होनें अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछडा वर्ग/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) के रूप में आरक्षित श्रेणी के पद पर आवेदन किया है, को सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्धारित प्रोफार्मा में निर्गत नवीनतम जाति प्रमाण पत्र जिसमें आवेदक की जाति स्पष्ट रूप से लिखी हो को प्रस्तुत करना होगा।
iii. सेवारत अभ्यर्थियों को अपने वर्तमान नियोक्ता से निर्गत अनापत्ति प्रमाण पत्र (NOC)।

**39.** आवेदन की अस्वीकृति के संभावित कारणः
i. यदि निर्धारित आवेदन शुल्क का बैंक ड्राफ्ट संलग्न नहीं है।
ii. यदि कोई उम्मीदवार किसी विशेष पद के लिए एक से अधिक आवेदन करता है।
iii. यदि आवेदन निर्धारित प्रारूप में नहीं है।
iv. यदि आवेदन अहस्ताक्षरित/अपूर्ण है।
v. यदि अनुभव प्रमाण पत्र प्राप्त प्रतिमाह वेतन के विवरण के बिना है।
vi. यदि विश्वविद्यालय में अंतिम तिथि के बाद आवेदन पत्र प्राप्त होता है।
vii. यदि किसी उम्मीदवार के पास अंतिम तिथि पर अपेक्षित शैक्षणिक योग्यता नहीं है।
viii. यदि उम्मीदवार अंतिम तिथि को कम/अधिक आयु का है।

**40. नकली/अमान्य संस्थान :** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC), नई दिल्ली द्वारा नकली/अमान्य संस्थान घोषित किसी भी संस्थान से डिग्री या डिप्लोमा या प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी विज्ञापित पदों पर भर्ती के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे।

**संक्षिप्त नामः** SC – अनुसूचित जाति, ST – अनुसूचित जनजाति, OBC –अन्य पिछड़ा वर्ग, केवीके – कृषि विज्ञान केन्द्र, UR – अनारक्षित, EWS– आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, PWD –दिव्यांगजन।

24/02/23

**निदेशक प्रशासन एवं अनुश्रवण**